तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 जिला कराते संघ के 8 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर ...



11 15 नवंबर से धान खरीदी शूरू होगी क्या समय पर ...



## खबर संक्षेप

### मजिस्ट्रेट की गाड़ी को ठोका

**भिलाई।** भिलाई नगर थाना अंतर्गत जयंती स्टेडियम के करीब इस्पात नगर निवासी हर्ष चौधरी (28 वर्ष) ने इसकी शिकायत की है कि वे अररिया बिहार में जूनियर मजिस्ट्रेट हैं। सीजी 07 एयू 8753 के घटना स्थल में वाहन चलाने की प्रैक्टिस कर रहे थे। एक अन्य वाहन सीजी 10 एस 5068 ने उनके वाहन को ठोकर मार दी।

### मेटाडोर ने बुजुर्ग को लिया चपेट में, मौके पर मौत

**भिलाई।** नेवई थाना अंतर्गत शांतिकुंज रिसाली के पास टहलते समय एक मेटोडार ने कामेश्वर पिता मौजी सिंह (84 वर्ष) को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाज कामेश्वर को उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने मामले में मेटाडोर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मेटाडोर सीजी 04 एमसी 6828 के चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। आरोप है कि वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अपने ड्राईवर साईड पर दोनों आगे पीछे चक्के के बीच में दबाकर एक्सीडेंट किया गया। पुलिस ने बताया कि घटना दिनांक को सुबह करीब 11 बजे मृतक सुबह घर के बाहर नाश्ता करके पैदल रोड किनारे टहल रहे थे। तभी वहां पर ईंट खाली करने आये एक मेटाडोर चारपहिया वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया। एक्सीडेन्ट से मृतक के सिर, बायें पैर, बायें हाथ,बायें कान, पेट एवं छाती पर गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। खबर है कि घटना के बाद आरोपी मौके से भाग खड़ा हुआ। पुलिस उसकी पतासाजी कर रही है।

### नौकरी लगाने के नाम पर युवतियों से ठगी, तीन आरोपी भेजे गए जेल

**दुर्ग।** पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत बोरसी स्थित कदम प्लाजा में गुडवे इंडियन फैशन प्राइवेट लिमिटेड नामक का फर्जी तरीके से संचालन के मामले में पुलिस ने तीनों लोगों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। ग्राम डोमा थाना भखारा धमतरी निवासी पूजा कोसरे ने मामले में लिखित शिकायत की थी। पुलिस ने बताया कि पूजा के घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से प्राइवेट नौकरी की तलाश कर रही थी। माह अप्रैल में पूजा की सहेली के माध्यम से पता चला कि दुर्ग के बोरसी में कदम प्लाजा में गुडवे इंडियन फैशन प्राइवेट लिमिटेड नाम से संस्था संचालित है। उसमें जॉब ले रहे हैं। अपनी सहेली के माध्यम से 9 अप्रैल को सम्पर्क किया। गुडवे इंडियन फैशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ब्रांच मैनेजर सत्यम पटेल, साहिल कश्यप, रामभरोष साहू से संपर्क करने पर मैनेजर द्वारा पूजा और उसकी सहेलियों से ट्रेनिंग एवं रजिस्ट्रेशन के लिये 03-03 हजार लिए। कंपनी के नाम पर ड्रेस, कंपनी के नामिनी, आईडी एवं ईन्शुरेन्स के लिये सभी से 46-46 हजार रुपए जमा कराए।

# मुख्यमंत्री के जिला प्रवास की तैयारी तेज, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगामी 9 अक्टूबर को प्रस्तावित बेमेतरा प्रवास और विभिन्न लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रमों को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। कार्यक्रम को सफल, भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विधायक दिपेश साहू सहित जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधियों के साथ एक विस्तृत बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर मंच व्यवस्था, आमजन की बैठक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात नियंत्रण, मीडिया समन्वय, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, स्वच्छता और पार्किंग जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की और उनकी समीक्षा की। इस अवसर पर एसडीएम, पूर्व विधायक (साजा) लाभचंद बफना, जिला अध्यक्ष अजय साहू, पूर्व विधायक (बेमेतरा) अवधेश चंदेल, राजेंद्र शर्मा, तेलघानी विकास बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री साय 9 अक्टूबर का रहेंगे जिले के प्रवास पर



**जनप्रतिनिधियों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव:** विधायक दिपेश साहू ने मुख्यमंत्री के दौरे को बेमेतरा के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, /"यह अवसर जिले की जनता के लिए गौरवपूर्ण है, इसलिए हम सब मिलकर इसे यादगार बनाएँगे। अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी सुझाव दिया कि आम जनता के बैठने, पेयजल, यातायात और पार्किंग की व्यवस्था सुचारु होनी चाहिए ताकि लोग बिना किसी असुविधा के कार्यक्रम में शामिल हो सकें। उनका मत था कि आयोजन ऐसा हो जिससे जिले की अतिथि सत्कार की परंपरा और प्रशासनिक दक्षता दोनों की झलक दिखाई दे।

### समय-सीमा में तैयारी पूरी करने के निर्देश

कलेक्टर शर्मा ने अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, सजावट, मंच एवं विद्युत व्यवस्था, चिकित्सा दल, एम्बुलेंस और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिदिन स्थल निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जलप्रदाय और ग्रामीण विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जाएगा, जो जिले के समग्र विकास में एक नया अध्याय जोड़ेंगे।

### गौरवपूर्ण अवसर को यादगार बनाने का संकल्प

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मुख्यमंत्री के बेमेतरा प्रवास को जिले के लिए गौरव का अवसर बताया। उन्होंने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से एकजुट होकर समन्वयपूर्वक कार्य करने का आह्वान किया, ताकि यह आयोजन बेमेतरा की उत्कृष्टता और पहचान प्रदर्शित करे। उन्होंने निर्देश दिए कि नागरिकों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और सभी कार्य समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएँ।

## घटना : बीरनपुर हत्याकांड मे सीबीआई चार्जशीट पर राजनीति हलचल तेज

# बीरनपुर हत्याकांड, सीबीआई रिपोर्ट पर विवाद चरवाहे पिता-पुत्र की हत्या का जिक्र क्यों नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- बच्चों की मामूली विवाद को विपक्ष ने बनाया था राजनीतिक ढाल

जिले के साजा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बीरनपुर में 8 अप्रैल 2023 को घटित तिहरे हत्याकांड का जिन्न एक बार फिर बाहर आ गया है। इस मामले में मृतक भूनेश्वर साहू के विधायक पिता ईश्वर साहू ने विधानसभा सत्र में ध्यानाकर्षण के माध्यम से सीबीआई जांच की मांग उठाई थी, जिसे सरकार ने स्वीकार कर लिया था। अब सीबीआई ने अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी है, जिसके बाद प्रदेश में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। सीबीआई जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं, खासकर दो अन्य मृतकों को लेकर। कांग्रेस ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इस घटना को तत्कालीन कांग्रेस सरकार को बदनाम करने के लिए भाजपा की गहरी साजिश करार दिया है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि सीबीआई की जांच में चरवाहे रहीम और उनके पुत्र ईदुल मोहम्मद की निर्मम हत्या का कोई जिक्र क्यों नहीं किया गया, जबकि भीड़ तंत्र ने उन्हें भी मौत के घाट उतार दिया था।





**न्याय के लिए भटकता परिवार**

मृतक रहीम की पत्नी अलहम बी आज न्याय की भीख मांगते हुए दर-दर भटक रही हैं। उनके मृतक बेटे की पत्नी विधवा और बच्चे यतीम की जिंदगी बसर कर रहे हैं। सवाल यह है कि इनकी जवाबदेही कौन लेगा?

### तीन मौतें, एक कहानी

दरअसल, 2023 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले हुए इस सामुदायिक विवाद में कुल तीन लोगों की हत्या हुई थी। भूनेश्वर साहू और दो चरवाहे पिता-पुत्र। विधायक ईश्वर साहू की मांग पर उनके पुत्र भूनेश्वर साहू की हत्या की सीबीआई जांच तो हो गई, लेकिन दो चरवाहों की सांप्रदायिक हत्या के आरोपी बाहर क्यों हैं, इसका जवाब लोगों को नहीं मिल पा रहा है। रिपोर्ट में सिर्फ दो बच्चों के बीच की लड़ाई को जिस प्रकार सांप्रदायिक रंग दिया गया, उसे भी सीबीआई द्वारा रेखांकित करने की आवश्यकता थी।सीबीआई की बहुचर्चित हत्याकांड की जांच में किसी प्रकार का राजनीतिक हस्तक्षेप तो सिद्ध नहीं हुआ, लेकिन दो मौतों को दरकिनार कर एक नई कहानी गढ़ने का आरोप लग रहा है। गौरतलब है कि इस कांड के बाद ही आर्थिक विपन्नता में जीवन गुजार रहे ईश्वर साहू का सितारा चमका था, उन्हें टिकट मिली और वह विधायक बने। विधायक बनने के बाद उन्होंने ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से सीबीआई जांच की मांग की थी, जिसे गृहमंत्री विजय शर्मा ने स्वीकार किया था। घटना के 27 माह बाद सीबीआई ने जांच शुरू की थी और अब रिपोर्ट आने के बाद विपक्ष (कांग्रेस) भाजपा को कटघरे में खड़ा कर रहा है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृ शक्तियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- डब्ल्यूबीएफ महिला इकाई ने किया दीपावली समारोह का आयोजन

डब्ल्यूबीएफ महिला इकाई बेमेतरा द्वारा रविवार दीपावली मिलन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उन मातृ शक्तियों का सम्मान किया गया जिन्होंने समाज, परिवार और संगठन के लिए उत्कृष्ट कार्य किया है।

इसके अलावा आयोजन में अपनी सहभागिता देते हुए सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृ शक्तियों के तौर पर करुणा तिवारी, वर्षा गौतम, संतोषी तिवारी, आशा तिवारी, रानू दुबे और मंजू शर्मा को प्रशस्ति पत्र और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया ओर आगे ऐसे ही नेक कार्य करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन डब्ल्यूबीएफ की जिला अध्यक्ष कनकलता मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में महिलाओं के बीच मनोरंजक गेम और लजीज नाश्ते का आयोजन किया गया था।कार्यक्रम का समापन रानू दुबे द्वारा आभार प्रदर्शन से हुआ। कार्यक्रम में कनकलता मिश्रा अध्यक्ष डब्ल्यूबीएफ, रिंकी पांडे, आशा तिवारी, पूजा मिश्रा विनीता मिश्रा, अन्नू पांडे, वर्षा गौतम, अंजना तिवारी, संतोषी तिवारी, नीलिमा तिवारी, मंजू शर्मा, करुणा तिवारी, मनीषा शर्मा, रानू दुबे, इला तिवारी, सारिका शर्मा, मनीषा (नेवनारा), शशि किरण तिवारी शशि शर्मा सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**आपात स्थिति में 108 टीम ने दिखाई सूझबूझ, बची जच्चा-बच्चा की जान**

# 108 संजीवनी की मदद से एम्बुलेंस में हुआ सुरक्षित प्रसव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

संजीवनी एक्सप्रेस टीम 108 की तत्परता और सूझबूझ ने मानवता और सेवा भावना की मिसाल पेश की है। रविवार की रात बेरला विकासखंड के ग्राम ढाबा निवासी गर्भवती महिला हेमवती निषाद (26 वर्ष) पत्नी विकास निषाद का अचानक तेज प्रसव पीड़ा हुई।

परिजनों ने घबराहट की स्थिति में रात लगभग 10:30 बजे 108 संजीवनी एक्सप्रेस को कॉल किया। सूचना मिलते ही पायलट भूपेन्द्र कुर्रे और ईएमटी रामगोपाल देवांगन तत्काल एम्बुलेंस लेकर गांव ढाबा पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए गर्भवती महिला को सावधानीपूर्वक एम्बुलेंस में बैठाया गया और टीम तेजी से पीएचसी गुधेली की ओर रवाना हुई। रास्ते में कुछ ही दूरी तय करने के बाद हेमवती की प्रसव पीड़ा असहनीय रूप से बढ़ गई। स्थिति की नजाकत को भांपते हुए ईएमटी रामगोपाल देवांगन ने तत्काल ईआरसीपी के माध्यम से ड्यूटी डॉक्टर से संपर्क कर पूरी स्थिति से अवगत कराया।



डॉक्टर की सलाह और परिजनों की सहमति से एम्बुलेंस को सुरक्षित स्थान पर रोका गया और प्रसव प्रक्रिया प्रारंभ की गई। ईएमटी रामगोपाल ने अपने अनुभव और शांतचित्त निर्णय क्षमता का परिचय देते हुए सफलतापूर्वक प्रसव कराया। कुछ ही क्षणों बाद एम्बुलेंस में नवजात बच्ची की किलकारी गूंज उठी, जिससे पूरे वातावरण में खुशी की लहर दौड़ गई।

प्रसव के पश्चात मां और बेटी दोनों को सुरक्षित रूप से पीएचसी गुधेली में भर्ती कराया गया, जहां दोनों की स्थिति स्वस्थ बताई गई है। परिजनों ने 108 संजीवनी टीम के त्वरित कार्य, मानवीय संवेदना और समर्पण के लिए हृदयपूर्वक आभार व्यक्त किया।

# कस्तूरबा की छात्रा ने रचा इतिहास, मार्शल आर्ट्स में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा जागेश्वरी ठाकुर का जीवन साहस और सकारात्मक बदलाव की मिसाल है। छोटे से गांव सूरजपुरा विकासखंड बेरला जिला बेमेतरा से राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने का सफर संघर्षपूर्ण रहा।

इसमें मुख्य भूमिका कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बेमेतरा की रही। जिसने ग्रामीण तथा पिछड़े क्षेत्रों की प्रतिभाओं को समझकर निखारने का कार्य किया ।यहां शिक्षा के अलावा व्यावसायिक शिक्षा जैसे कराटे, खेल, नृत्य, सिलाई, क्राफ्ट के कार्यों का प्रशिक्षण जागेश्वरी जैसे बच्चियों के लिए वरदान साबित हुआ। पिछड़े और परिस्थिति को चुनौती देते हुए जागेश्वरी ठाकुर ने गतका खेल को



अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया और संकुचित सोच को विस्तार देते हुए शाला के समस्त नियमों, अनुशासन का पालन करते हुए नियमित अभ्यास और लगन से अपना खेल तथा शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार में अपना नाम दर्ज करने वाली दूसरी छात्रा बन गई है। जागेश्वरी ठाकुर की सफलता की कहानी पर डाक्यूमेंट्री फिल्म खेल एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बनाया गया है। जो अवश्य ही ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों के लिए मिशाल बन उन्हें प्रेरणा देती रहेंगी।

राष्ट्रीय स्तर पर मार्शल आर्ट में स्वर्ण पदक जीतकर जागेश्वरी ठाकुर ने साबित किया की मेहनत और लगन से हर सपना साकार किया जा सकता है। आज शिक्षकों के मार्गदर्शन से वह अनगिनत छात्राओं के लिए प्रेरणा और सफलता की मिसाल बन चुकी है। उसकी इस सफलता की कहानी पर शॉर्ट डॉक्युमेंट्री फिल्म खेल एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बनाया गया है।

जिससे देश की अन्य बेटियां पिछड़े तथा ग्रामीण परिवेश से संघर्ष कर आगे बढ़े उनके लिए की कहानी प्रेरणादायक बन उनके हौसलों को नई उड़ान अवश्य प्रदान करेगी। जागेश्वरी ठाकुर भारतीय मार्सल आर्ट खेल में राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड पदक जीतने वाली कस्तूरबा की पहली छात्रा बनी साथ ही उनके जीवन पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म बनी ऐसी कस्तूरबा की द्वितीय बालिका में अपना नाम दर्ज किया।

जागेश्वरी ठाकुर ने शाला परिवार, अपने गांव, बेमेतरा जिले तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश को अपने इस कार्य से गौरवान्वित किया है। इस सफलता के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा की अधीक्षिका भारती घृतलहरे, शिक्षिकाएं ममता गुरुपंच, राजकिरण मिश्रा, गायत्री साहू, विजयलक्ष्मी परगनिहा, दीप्ति, सावित्री, नेहा वर्मा समस्त शाला परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## डाईट बेमेतरा में डीएलएड प्रथम वर्ष की कक्षाएं प्रारंभ

# मां बाप के सपनों को साकार करने तन्मयता और उत्साह से काम करें : घृतलहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में प्रथम वर्ष में प्रवेशित नव छात्र अध्यापकों की कक्षाएं प्रारम्भ हो गई। नव प्रवेशित छात्राध्यापकों का स्नेहिल स्वागत करते हुए डाइट के सभी अकादमिक सदस्यों ने अपनी बातें रखते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि यह एक प्रशिक्षण संस्थान है, यहां प्रेरणा लेकर स्वयं सीखना पड़ता है। स्वयं भी प्रेरित होते हैं और दूसरों को भी प्रेरित करते हैं। यहां अध्ययन और अध्यापन दोनों का कार्य होता है। एक विजन और लक्ष्य लेकर के आप सबको आगे बढ़ना है। अपने मां बाप के सपनों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, तन्मयता और उत्साह के साथ करना है। आप सब भविष्य के शिक्षक हैं।



आप छात्र भी है और शिक्षक भी है और आपको शिक्षक के बहुत सारे गुणों को ग्रहण करना है। अपने कार्य और व्यवहार को ऐसा बना करके रखें कि लोग आपको डाइट बेमेतरा के नाम से जाने। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कार्य और उसके व्यवहार से ही होती है। आपके कार्य और व्यवहार से ही लोग आपको याद रखते हैं जीवन में बेहतर से बेहतर की तलाश कर अपने भविष्य को, अपने कैरियर को उज्जवल बनावे। आपको जिंदगी के हर मोड़ में शिक्षक मिलेंगे, आपको उनके अच्छे विचारों को, गुणों को ग्रहण कर आगे बढ़ना है।

### अपने जीवन में अच्छी बातों को उतरें

डीएलएड प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्राध्यापकों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए डाइट की वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पाण्डेय ने कहा कि आपके सीनियर छात्र अध्यापक आपके लिए आदर्श हैं। संस्थान के सभी शिक्षक आपके आदर्श हैं, उनकी अच्छी बातों को अपने जीवन में उतरने का प्रयास करें और अपना भविष्य उज्जवल बनावे। सभी नवप्रवेशित छात्र अध्यापकों को संबोधित करते हुए पीएसटीई प्रभारी व व्याख्याता अनिल कुमार सोनी ने छात्राध्यापकों के कर्तव्य और अनुशासन के बारे में बहुत सी जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि सभी छात्र अध्यापकों को प्रतिदिन समय पर संस्थान आना है और पूरे समय तक रुकना है। कोई भी ऐसा कार्य नहीं करना है जिससे संस्थान की छवि खराब हो। सभी छात्राध्यापकों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिए। नवप्रवेशी छात्राध्यापकों को संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे, और श्रद्धा तिवारी ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व नव प्रवेशित सभी छात्राध्यापकों ने अपना संक्षिप्त परिचय भी दिया। इस अवसर पर संस्थान के लेखापाल अमिंदर भारतीय सहित नवप्रवेशित छात्राध्यापक उपस्थित थे।

# पटाका दुकान के लिए लायसेंस है अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

नगर में इस वर्ष भी पटाखा की दुकान लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। पिछले वर्ष राजा बाड़ा के सामनें दुकान लगायी गई थी। दुकानों में सुरक्षा के उपाय और प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश का पालन जरूरी है, तभी दुर्घटना से बचा जा सकता है। दुकानों के लिए प्रशासन द्वारा नियम बनाए गए हैं। पटाका बिक्री के लायसेंस लेना आवश्यक है। विदित हो कि दीपावली में फटाका विक्रय के लिए लाइसेंस विक्रेता को प्रतिवर्ष अनुमति लेनी होती है। पटाका विक्रेता अपना आवेदन कलेक्टर कार्यालय में जमा करते हैं। आवेदक को दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड, फोटो, स्थल का नजरी नक्शा जमा करना होता है। आवेदक को आवेदन कलेक्टोरेट में जमा करना होगा, जिसकी जांच पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा की जायेगी। पुलिस प्रतिवेदन के साथ एसडीएम को भेजेगा। एसडीएम द्वारा अपनी रिपोर्ट एडिशनल कलेक्टर को भेजी जायेगी। कलेक्टर कार्यालय द्वारा शुल्क के साथ लाइसेंस प्रदान किया जायेगा।

### सुरक्षा उपायों का ध्यान रखा जाएगा

नगर पंचायत परपोड़ी द्वारा शासन के नियमों के अनुसार चिल्हर पटाका बिक्री के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। सुरक्षा के उपायों का ध्यान रखा जाएगा।

- विनीत सिंह सीएमओ, नगर पंचायत परपोड़ी

## खबर संक्षेप

### सभापति और सांसद प्रतिनिधि ने देखी बीज पैकेजिंग की प्रक्रिया

**दुर्ग।** जिले में स्थित बीज प्रक्रिया केन्द्र रुआबांधा का कृषि स्थायी समिति, जिला पंचायत दुर्ग के सभापति नीलम चंद्राकर एवं सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर द्वारा अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने रबी में भंडारित होने वाले चना बीज की पैकिंग प्रक्रिया, विभिन्न गोदामों में भंडारित गेहूं, चना, तिवड़ा, सरसो, अलसी, कुसुम आदि के संशाधित, पैक्ड बीज की भौतिक स्थिति, खरीफ 2025 में पंजीकृत कृषकों एवं रकबा की विस्तृत जानकारी, रबी 2025 में जिले में भंडारित होने वाले बीजों का लक्ष्य, उपलब्धता, कमी, अधिकता विषयों पर विस्तृत चर्चा की। जिले के उप संचालक कृषि संदीप भोई द्वारा रबी में प्रस्तावित बीज उत्पादन कार्यक्रम एवं विभिन्न बीजों के भंडारण कार्यक्रम प्रस्तावित विभागीय योजनाओं के अंतर्गत फसल प्रदर्शन से अवगत कराया गया।

### डॉ. अमिताभ शर्मा को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**भिलाई।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा बिलासपुर के रसायन विभाग के शोधार्थी डॉ. अमिताभ शर्मा को उनके शोध कार्य बॉटम अप अप्रोच टू सस्टेनेबल एंड लो कॉस्ट टेक्नीक फॉर डोमेस्टिक वेस्ट वॉटर मैनेजमेंट बाय लिक्विड रिसोर्स मॉडल पर डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। डॉ. शर्मा के इस शोध कार्य में घरेलू उपयोग के बाद निकलने वाले पानी को एक संसाधन के रूप में देखने की बात कही गई है, न कि इसे व्यर्थ समझने की। इस शोध में डॉ. शर्मा ने कम लागत वाली प्राकृतिक तकनीकों को अपनाकर घरेलू उपयोग के पानी को उपचारित करने और पुनः उपयोग करने पर जोर दिया है। इस शोध में थ्री आर सिद्धांत (रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकल) से आगे बढ़कर 5 आर सिद्धांत (रिफ्यूज, रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकल, रिचार्ज) को अपनाने पर जोर दिया गया है। इस शोध में कम लागत वाली प्राकृतिक तकनीकों का उपयोग करके घरेलू उपयोग के पानी को उपचारित करने पर जोर दिया गया है।

### नवीन उज्जवल महिला महाराष्ट्र मंडल ने मनाया शारदा उत्सव

**भिलाई।** महाराष्ट्र का पारंपरिक त्यौहार दशहरा होने के बाद शारदा उत्सव मनाया जाता है। शारदा माता की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चन कर भजन संध्या की जाती है। यह आयोजन महाराष्ट्र मंडल अध्यक्ष नीलू लिमेश के निवास में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के सभी सदस्यों ने मिलकर बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें प्रथम स्थान पर वीणा देशपांडे, द्वितीय स्थान पर किरण शिरेकर, तृतीय स्थान पर साक्षी वांडरे रहीं। मंडल अध्यक्ष नीलू लिमेश ने सभी विजेता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### आत्मनिर्भर महिलाओं का जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया हौसला

**दुर्ग ।** देश की सबसे बड़ी व्यापारी संगठन कॉफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की दुर्ग जिला महिला इकाई द्वारा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने एवं महिलाओं को स्वालंबन से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित दीपावली एग्जिबिशन में रविवार को लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ जुटी। दीपावली एग्जीबिशन में दुर्ग भिलाई की महिलाओं द्वारा कुल 44 स्टाल लगाए गए । स्टॉल में उनके स्वदेशी, पारंपरिक व फैंसी उत्पादों को लोगों ने खूब पसंद किया। स्टॉलों में धान व सुतली से निर्मित ज्वेलरी, हर्बल हेयर ऑयल, साबुन, परफ्यूम, कपड़े, चादर, गर्म कपड़े, भगवान के पोशाक, हेण्डीक्राफ्ट, हैंड बैग, मिट्टी व गोबर के दिए, रंगोली डिजाइनर, आचार, पापड़, मुखवाश, मैगी, तिल-गुड़ के लड्डु, टेटरी, खुरमी के अलावा अन्य स्वेनिर्मित उत्पादों ने लोगों को खासा आकर्षित किया,वहीं छत्तीसगढ़ी व्यंजन फरा-चिला, टेटरी खुरमी, गुपचुप का लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। इसके अलावा मनोरंजक गेम का खूब आनंद लिया। इस एग्जीबिशन ने दीपावली पूर्व शहर में रौनक बढ़ा दी है। जिससे एग्जीबिशन स्थल सिटी सेंटर मॉल, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के पास देर शाम तक लोगों की भीड़ रही।

# धान का कटोरा कहे जाने वाले के किसानों को मिला जीएसटी सुधार का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

सांसद विजय बघेल व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर जीएसटी बचत उत्सव के बीच औचक निरीक्षण पर पुलगांव स्थित हार्वेस्टर ट्रैक्टर शोरूम पहुंचे। सांसद व विधायक ने यहां किसानों से आत्मीय संवाद कर जीएसटी कटौती पर उनकी प्रतिक्रिया और खरीदी में हुई बचत की जानकारी ली। विधायक ललित चंद्राकर व सांसद विजय बघेल ने शोरूम में ट्रैक्टर और हार्वेस्टर खरीदने आए किसानों को चाबी सौंपकर शुभकामनाएं दीं। सांसद व विधायक ने नगपुरा निवासी गिरेश साहू व कमलकांत साहू को उनके नए हार्वेस्टर की चाबी सौंपी। इस अवसर पर गिरेश साहू ने कहा कि मैने सपने में भी नहीं सोच था कि मैं नया हार्वेस्टर खरीदूंगा। मैं सेकंड हैंड हार्वेस्टर खरीदने के बारे में सोच रहा था। जीएसटी उत्सव में नए हार्वेस्टर खरीद पर मुझे पूरे 2 लाख रुपए की बचत हुई है। किसानों की चिंता का समाधान हमारे संवेदनशील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ही कर सकते हैं। क्षेत्र के सांसद विजय बघेल व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने स्वयं मुझे मेरे नए हार्वेस्टर की चाबी सौंपी और मुझसे बेहद आत्मीयता से संवाद किया। मैंने उन्हें बताया कि मेरे पास दो एकड़ खेत है और अब हार्वेस्टर आने से मैं गांव में साझेदारी से और अधिक खेती कर पाऊंगा। गिरेश साहू ने जीएसटी में कटौती के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बाबूलाल जैन, योगेश जैन, अल्पेश जैन, नितेश जैन, कांतिलाल बोथरा, कांतिलाल जैन सहित अन्य उपस्थित थे।

## पुलगांव में ट्रैक्टर शो रूम पहुंचे सांसद विजय बघेल और विधायक ललित चंद्राकर

### किसान की हुई 2 लाख की बचत, त्योहर अच्छे से मनेगा

सांसद व विधायक से संवाद करते गिरेश साहू ने बताया कि जीएसटी में कटौती के बाद नए हार्वेस्टर की खरीदी पर पूरे 2 लाख रुपए की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि इस बचत से उनका परिवार त्योहार को और अच्छे से मना सकेगा। ट्रैक्टर हार्वेस्टर शो रूम के प्रोप्राइटर बाबूलाल जैन ने सांसद व विधायक से संवाद में बताया कि जीएसटी में कटौती के कारण बिक्री में इज़ाफ़ा हो रहा है। ग्राहकों का उत्साह बढ़ा है। उन्होंने कहा कि पहले जो ट्रैक्टर 10.25 लाख रुपए का आता था, वह अब 9.75 लाख रुपए में उपलब्ध है। जिससे किसानों को 50 हजार रुपए की बचत हो रही है। इसी तरह 7.62 लाख का ट्रैक्टर अब 7.21 लाख और 6.51 लाख का ट्रैक्टर अब 6.11 लाख रुपए में मिल रहा है। कीमतों में कटौती और फेस्टिवल डिस्काउंट से किसानों की बड़ी बचत हो रही है। जीएसटी दर घटने के बाद हार्वेस्टर भी सस्ते हो गए हैं।



### जीएसटी में यह सुधार आर्थिक गतिविधियों में गति देने वाला

विजय बघेल ने कहा कि इस जीएसटी बचत उत्सव से उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ कम हुआ है। त्यौहारी सीजन में परिवारों की खुशियां बढ़ी हैं। यह सुधार न केवल आर्थिक गतिविधियों को गति दे रहा है, बल्कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में उत्साह और समृद्धि का नया वातावरण भी बना रहा है। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू जीएसटी 2.0 ने आम जनता, किसानों और उपभोक्ताओं को वास्तविक राहत दी है। ट्रैक्टर, हार्वेस्टर और अन्य कृषि यंत्रों की कीमतों में आई कमी से किसानों को सीधा लाभ हो रहा है, जिससे उनकी खेती-किसानी और जीवनयापन और सुगम होगा।

### विवेकानंद भवन के सामने पुलिस परिवारों ने किया हंगामा, प्रदेशभर से पहुंचे थे

# पुलिस के पारिवारिक सम्मेलन में अड़ंगा भवन बुक कराया लेकिन नहीं खोला ताला

## नगर निगम दुर्ग ने एनओसी ना होने की वजह से कार्यक्रम की नहीं दी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

पुलिस परिवार का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन रविवार को प्रशासनिक अड़ंगे के कारण नहीं हो पाया। सम्मेलन पद्मनाभपुर स्थित विवेकानंद सभागार में आयोजित था। आयोजन को लेकर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से बस में परिवार भरकर सुबह करीब 10 बजे पहुंचे, जब यहां पहुंचे, तो प्रस्तावित जगह का ताला ही नहीं खोला गया। दुर्ग निगम ने एनओसी नहीं लेने की बात कहकर अनुमति दिए जाने से ही इंकार कर दिया।

जबकि आयोजकों ने 11 सितंबर को निगम का शुल्क जमा कराया था। ताला नहीं खोलने के बाद मौके पर जमकर हंगामा मचा। पुलिस परिवार ने आरोप लगाया कि जानबूझकर कार्यक्रम को होने नहीं दिया जा रहा है। जबकि गृहमंत्री, डीजीपी, आईजी, पुलिस अधीक्षक, मंत्री से लेकर विधायकों को आयोजन में आमंत्रित किया गया था। उनका प्रोटोकॉल भी जारी हुआ, लेकिन बाद में कोई नहीं पहुंचा। हंगामा के बाद दुर्ग सीएसपी मौके पर पहुंचे, उन्होंने उच्च अधिकारियों से बात की। दोपहर करीब डेढ़ बजे गेट खोला गया, लेकिन बड़ी संख्या में परिवार लौट चुके थे, इस वजह से कार्यक्रम नहीं हो सका।

इस पूरे मामले को लेकर आयोजनकर्ताओं में उज्जवल दीवान ने आरोप लगाया कि पारिवारिक सम्मेलन में अड़ंगा लगाया गया। कार्यक्रम को होने नहीं दिया गया। पूरे समय पुलिस परिवार के लोग परेशान होते रहे। पुलिस परिवार का कार्यक्रम खराब किया गया।



### महासम्मेलन में लाखों का खर्च, आमंत्रण पत्र भी बांटे जा चुके थे

पुलिस परिवार की महिलाओं ने इस पूरे मामले में प्रशासनिक लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आयोजन को लेकर लाखों रुपये खर्च किए गए। आमंत्रण पत्रक बांटे गए। इसके बाद इस कार्यक्रम को रोकने के लिए दुर्ग जिला प्रशासन द्वारा बड़ा षडयंत्र रचा जा गया इस पूरे घटनाक्रम में दुर्ग निगम की भूमिका पूरी तरह से संदिग्ध है। एडवांस बुकिंग के बाद भी आयोजन नहीं होने दिया गया। आयोजन के दो दिन पहले नगर निगम दुर्ग ने पुलिस और एसडीएम से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा। पहले इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई थी। दूसरी तरफ एसपी के दिशानिर्देश में पद्मनाभपुर थाना प्रभारी ने प्रतिवेदन दिया है कि इसाई समाज का प्रार्थना सभा होता है। उसकी व्यवस्था करनी है। इसलिए पुलिस परिवार को कार्यक्रम ना करने दिया जाए। जब भवन के अंदर शांतिपूर्ण कार्यक्रम किया जाता है तो उसकी सूचना मात्र कलेक्टर या एसडीएम को दी जाती है। ऐसे कार्यक्रमों में परमिशन की आवश्यकता नही होती है। फिर भी परेशान किया गया।

### पुलिस परिवार के इस प्रकार के आयोजन को दो बार पहले भी रोका जा चुका है

उज्जवल दीवान ने बताया कि महासम्मेलन में पूरे छत्तीसगढ़ से पुलिस परिवार के लोग इकट्ठा हुए थे। इसके पहले भी 2018 और 2022 में पुलिस परिबार के कार्यक्रम को सरकार द्वारा रोका गया था। तब दोनों बार सत्ता परिवर्तन हुआ था। पूरे भारत देश में छत्तीसगढ़ सरकार की किरकिरी हुई थी। सभी को आमंत्रण पत्र भेजा गया था। आयोजन में मुख्य रूप से तृतीय श्रेणी के पुलिसकर्मियों के परिवार शामिल होने वाले थे। इस दौरान पारिवारिक चर्चा और पुलिस की तकलीफों को लेकर विचार-विमर्श होना था। ऐन समय में कार्यक्रम नहीं होने से लोगों को आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने मौके पर हंगामा किया। जमकर अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मामले को लेकर राज्यपाल, राष्ट्रपति, केंद्रीय गृहमंत्री से शिकायत करने की बात कही है।

### नहीं ली गई एसडीएम व पुलिस से एनओसी

“ आयोजकों ने निगम में शुल्क जमा कराया था, लेकिन आयोजन से पहले नियमत: एसडीएम व पुलिस से एनओसी आवश्यक होती है। इसे प्रस्तुत नहीं किया गया। इसलिए अनुमति नहीं दी गई। शुल्क लौटा दिया जाएगा। **-सुमित अग्रवाल,** आयुक्त नगर निगम दुर्ग

### पुलिस परिवार के लोग मिले विधायक देवेंद्र से

इस मामले को लेकर पीड़ित परिवार के लोगों ने विधायक देवेन्द्र यादव से मुलाकात की। विधायक देवेन्द्र ने कहा कि आज दुर्ग में छत्तीसगढ़ का पुलिस परिवार सम्मेलन करने जा रहा था और एक महीने पहले ही आयोजकों ने दुर्ग निगम में 28 हजार रुपए जमा कर विवेकानंद भवन को आंबटित कराया,लेकिन आज सुबह निगम की टीम ने वहां ताला लगा दिया। इधर इस सम्मेलन में शामिल होने लोग बस्तर से लेकर सरगुजा तक से दुर्ग पहुंचे। विधायक ने बताया कि आज डबरापारा में पुलिस परिवार के लोगों ने उन्हें रास्ते में रोककर अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन को रोकने लगातार उन्हें धमकियां मिल रही थी। पुलिस की वजह से हम सभी सुरक्षित है और ऐसे परिवारों के सम्मेलन को रोकना कहां तक सही है। उन्होंने कहा कि यह तरीका असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है। इधर विधायक को पुलिस परिवार के लोगों ने बताया कि भवन की अनुमति निरस्त करने की सूचना तक उन्हें नहीं दी। जबकि इस कार्यक्रम में वे प्रदेश के मुखिया, उप मुख्यमंत्री, डीजीपी सहित कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को आमंत्रित कर चुके थे। पुलिस परिवार के लोगों ने बताया कि वे सब मिलकर अब रायपुर जा रहे हैं ताकि गृहमंत्री से इस बारे में बात कर सकें।

# स्पॉ सेंटर की आड़ में हो रही घिनौनी हरकतें

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- सेन समाज लामबंद, आज करेगा विरोध

सेन समाज अपने हितों की रक्षा के लिए संगठित है। समाज अपनी पहचान और सम्मान कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सेन समाज के पारंपरिक व्यवसाय की आड़ में अन्य लोग जो सेन समाज के नहीं हैं, वे कुछ ऐसा घिनौना काम कर रहे हैं, जिससे सेन समाज की छवि खराब हो रही है। समाज के प्रांतीय अध्यक्ष पुनीतराम सेन व सचिव भुवनलाल कौशिक ने बताया कि इसके लिए सेन समाज ने बड़ा निर्णय लिया है। जिसके तहत 7 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

ज्ञापन में समाज हित में पांच सूत्रीय मांग से शासन को अवगत कराया जाएगा। दुर्ग में समाज के जिला अध्यक्ष भीखम सेन व जिला सेलून व्यवसाय संघ के अध्यक्ष संतोष सेन के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी जिला मुख्यालयों में कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपने की जबावदारी सभी संभाग प्रभारी व जिला अध्यक्षों को दी गई है। उस दिन सेन समाज को लोग अपना काम बंद कर ज्ञापन सौंपने जाएंगे। उसी दिन ही समाज के प्रांतीय पदाधिकारी भी प्रांताध्यक्ष पुनीत राम सेन के नेतृत्व में राजधानी रायपुर में सीधे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा को ज्ञापन सौंपकर समाज की भावनाओं से अवगत कराते हुए मांगों को पूरा करने का अग्राह करेंगे। सेलून व्यवसाय को हमारे सेन नाई समाज के लिए प्रदेश स्तर पर आरक्षित किया जाए, ताकि हमारे समाज की परंपरागत जीविका सुरक्षित रहे। सेलून व्यवसाय की आड़ में चल रहे अवैध स्पा सेंटरों की जांच कर गलत पाए जाने वाले स्पा सेटरों पर कठोर कार्रवाई की जाए। संबंधित दोषी व्यक्ति पर आजीवन स्पा सेंटर का संचालन नहीं करने या प्रतिबंध करने संबंधी कानून बनाया जाए, जिससे सेन समाज की गरिमा नष्ट ना हो और प्रतिष्ठा बनी रहे। केश शिल्पी कल्याण बोर्ड से सेन (नाई) समाज को आज पर्यन्त कोई वास्तविक लाभ प्राप्त नही हो पा रहा है।

### निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत

**दुर्ग।** जिले के विधानसभा क्षेत्र अहिवारा के अंतर्गत एक कार्य के लिए 6 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों के लिए कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत उक्त राशि की स्वीकृति दी है। अहिवारा विधानसभा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 नंदिनी नगर अहिवारा पेवर ब्लाक निर्माण हेतु 06 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# स्वस्थ नारी योजना के अंतर्गत कैदियों की स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के निर्देशन में जिला के जेल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार योजना के अंतर्गत महिला और पुरुष कैदियों की स्वास्थ्य जांच की गई। कार्यक्रम का संचालन डीएचओ डॉ. संजीव ग्लैड, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा, एस.एन.एस.पी. नोडल डॉ. अर्चना चौहान और शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र बेलचंदन के मार्गदर्शन में किया गया। स्वास्थ्य जांच के दौरान कुल 343 व्यक्तियों का बीपी परीक्षण किया गया, जिनमें से 40 व्यक्तियों में उच्च रक्तचाप पाया गया। 343 व्यक्तियों का मधुमेह परीक्षण किया गया, जिसमें 2 मरीज मधुमेह से ग्रसित पाए गए। सिकलिंग जांच 111 व्यक्तियों पर की गई, और 207 व्यक्तियों का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया गया, जिनमें से 2 व्यक्तियों का हीमोग्लोबिन 7 ग्राम से कम पाया गया। एचआईवी की जांच 54 व्यक्तियों पर की गई, और 25 महिलाओं की ब्रेस्ट कैंसर एवं गायनिक जांच एक्स-रे के माध्यम से की गई।

### रोजगार के लिए शिविर आज

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक में 7 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में व विभिन्न पदों की भर्ती की जाएगी। 8वी, 10वी, 12वी, बी.कॉम., बीबीए, एमबीए मार्केटिंग मैनेजमेंट एवं कोई भी स्नातक शैक्षणिक योग्यता धारी आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकतें है।

# आत्मनिर्भर भारत पर भाजपा की हुई कार्यशाला, व्यापारी के बीच हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- कार्यकर्ताओं को किया गया प्रशिक्षित




स्वदेशी निर्मित उत्पादों का उपयोग कर देश की जनता को आत्मनिर्भर बनाने व केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जीएसटी में भारी कटौती किए जाने के बाद आम जन को इसके फायदे बताने भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय मध्य मंडल भाजपा द्वारा लिटिल किड्स स्कूल आर्य नगर में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर व महापौरअल्का बाघमार की प्रमुख उपस्थित में आयोजित वर्कशॉप में महामंत्री विनोद अरोड़ा, उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार कार्यशाला के प्रवक्ता के रूप में दिनेश देवांगन, वरिष्ठ नेता राजेश ताम्रकार ने जीएसटी स्लैब में कटौती के बाद जनता को होने वाले लाभ बताने घर घर जाने कार्यकर्ताओ से आग्रह किया। मंडल अध्यक्ष हरीश चौहान के नेतृत्व में अग्रसेन चौक स्टेशन रोड स्थित व्यवसायियों के दुकानों पर जीएसटी छूट का स्टीकर लगाकर फीडबैक लिया गया। भाजपा द्वारा 25 सितम्बर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती से लेकर देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के 25 दिसंबर तक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मदन वाढ़ई, रीता मेश्राम, शेखर चंद्राकर, मनोज सोनी मौजूद थे।

# रक्तदान महादान महान कार्य, यह किसी की जिंदगी बचा सकता है : ललित

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- रक्तवीर और स्वच्छता मित्रो का किया सम्मान




माय भारत दुर्ग एवं सर्जना युवा समिति तिरगा के संयुक्त तत्वावधान में गायत्री मंदिर परिसर तिरगा में आयोजित स्वैच्छिक रक्त दान शिविर रक्तदाता एवं स्वच्छता में सहयोग करने वाले भाई बहन का सम्मान समारोह में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर रक्तवीरों को प्रमाण पत्र और हेलमेट प्रदान कर सम्मानित किया।

साथ ही स्वच्छता मित्रों को गिफ्ट प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर नेत्र परीक्षण और स्वास्थ्य प्रशिक्षण किया गया। इस अवसर पर आम का पेड़ रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

मौके पर सरपंच घसियाराम देशमुख, उपसरपंच सुखीत राम, रुक्मण देशमुख, रघुनाथ देशमुख, हेमंत ऋषि, देवी सिंह, तोरण देशमुख, रुपेश देशमुख, मानसिंह देशमुख, धनश्याम, भूपेन्द्र बेलचंदन, माय भारत प्रमुख नितिन शर्मा उपस्थित रहे।र क्तवीर नितिन शर्मा 44 बार, हेमंत ऋषि 23, रूपेश देशमुख 13, रूपेश निषाद 13, लक्ष्मीकांत 8, तोरण देशमुख 22, ओंकार बेलचंदन 10, चन्द्रभूषण 06, रघुनाथ 1, किशोर 2 बार रक्त दान किया है। विधायक ललित चंद्राकर कहा कि रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया। रक्तदान एक महान कार्य है जो किसी की जिंदगी बचा सकता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण का महत्व भी बताया।

# भिलाई में ललित कला और एनएसडी के लिए अब राज्य शासन पहल करेगा

**भिलाई।** ललित कला अकादमी का रीजनल सेन्टर भिलाई में खोलने के लिए अब छत्तीसगढ़ शासन अपने स्तर पर पहल करेगा। यही नहीं भारत की प्रतिष्ठित नाट्य संस्था एन.एस.डी. की शाखा खोलने के लिए भी केन्द्रीय संस्कृति मंत्री से चर्चा करेगा।

छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग के डायरेक्टर विवेक आचारी ने प्रतिनिधिमंडल को यह जानकारी दी। मुलाकात के दौरान मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी, बी.एल.सोनी, विजय शर्मा, मोहन बराल, प्रवीण कालमेघ, रूपा साहू, गुंजन शर्मा एवं ललित कला अकादमी, नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ से प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ.अंकुश देवांगन उपस्थित थे। सदस्यों ने बताया कि सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के कलाकार विगत अनेक वर्षों से अकादमी का रीजनल सेन्टर खोलने संघर्षरत हैं। विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में भी सांसद ने ललित कला अकादमी के मांग को मोदी की गारंटी के रूप में शामिल किया था। डायरेक्टर विवेक आचारी ने कहा है कि सांसद और कलाकारों ने अपने स्तर का काम बखूबी कर दिया है लेकिन इसमें राज्य शासन शामिल नहीं था। यही वजह है कि यह मांग अब तक पूरा नहीं हुआ है। अब राज्य शासन प्रयास करेगा कि इस बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा कर सके। बातचीत के दौरान वरिष्ठ रंगकर्मी विजय शर्मा और प्रवीण कालमेघ ने भिलाई मे समृद्ध नाट्यकला की दशकों से जारी परंपरा का विस्तृत वर्णन किया। इन संस्थानों के खुलने से भारतीय कलाजगत में छत्तीसगढ़ का वर्चस्व बढ़ेगा और यहां के कलाकारों को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर अपनी कला दिखाने का मौका मिलेगा। डॉ.अंकुश देवांगन ने एक जानकारी में बताया है कि सांसद विजय बघेल स्वयं एक सिद्धहस्त कलाकार रहे हैं। उनकी महत्वाकांक्षी योजना है कि छत्तीसगढ़ के कलाकार देश दुनिया में अपना नाम रोशन करें।

**तैयारी : इस बार 1.60 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य, आरएस 3100 प्रति क्विंटल**

# 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होगी क्या समय पर हो पाएगा उठाव?

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए नई धान उपार्जन (प्रोक्योरमेंट) और कस्टम मिलिंग नीति तैयार कर ली है। इस नीति को शीघ्र ही राज्य कैबिनेट की बैठक में मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा। कैबिनेट की अनुमति मिलने के बाद इसे लागू किया जाएगा। इस बार खरीफ सीजन में धान खरीदी की शुरुआत 15 नवंबर से होने की संभावना है और सरकार 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी करने का लक्ष्य रख रही है। लेकिन जहां तक कबीरधाम जिले की बात की जाए तो भले ही प्रदेश की भाजपा सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए नई धान उपार्जन (प्रोक्योरमेंट) और कस्टम मिलिंग नीति तैयार कर ली हो लेकिन जिले में बीते वर्ष सरकार द्वारा किसानो से समर्थन मूल्य में खरीदे गए धान के उठाव को लेकर जिस ढंग से लापरवाही और कोतवाही बरती है वह न सिर्फ चिंतनीय है बल्कि व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाली भी है। यहां बताना लाजिमी होगा कि बीते वर्ष समर्थन मूल्य में खरीदे गए धान का समितियों से सही समय पर उठाव नहीं होने के कारण लाखों क्विंटल धान की बर्बादी हुई है जिससे सरकार को करोड़ो का नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं धान की इस बर्बादी को देख आम लोगों व किसानो में भी भारी नाराजगी देखी गई। ऐसे में अब सरकार की नई धान खरीदी में इस तरह की अव्यवस्था और भर्राशाही न हो इस बात पर विशेष जोर देने की जरूरत है। माना जा रहा है कि हर साल जिले में बढ़ रहे धान के उत्पादन को देखते हुए सरकार के लिए यह एक बड़ी चुनौती है। देखने वाली बात होगी की सरकार इस चुनौती से निपटने अब क्या कदम उठाती है।

### किसानों के लिए पंजीकरण और न्यूनतम समर्थन मूल्य



फाईल फोटो

धान खरीदी के लिए पहले कैबिनेट की मंजूरी आवश्यक होगी। वहीं, इस बार किसानों का पंजीकरण एग्रीस्टेक और एकीकृत किसान पोर्टल पर शुरू कर दिया गया है। पंजीकृत किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान खरीदी की जाएगी। किसानों को प्रति क्विंटल धान के लिए आरएस 3,100 का भुगतान किया जाएगा। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा है कि सरकार ने जो वादा किया था, उसे पूरा किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश में लगातार बारिश हो रही है, लेकिन इसके बावजूद धान खरीदी नवंबर से शुरु की जाएगी। हर एकड़ में औसतन 21 क्विंटल धान खरीदी जाएगी।

**धान खरीदी केन्द्र बघर्रा में अब भी पुरानी धान का स्टाक**

विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले के विकासखण्ड पंडरिया के धान संग्रहण केन्द्र बघर्रा में अभी भी पुराने धान का अच्छा खासा स्टाक मौजूद है जिसका उठाव अब तक नहीं हो पाया है। सूत्रों की माने तो पंडरिया में यह इकलौता धान संग्रहण केन्द्र है जहां पूरे क्षेत्र का स्टाक रखा जाता है। लेकिन यहां से भी समय रहते उठाव नहीं होने के कारण अब भी उठाव शेष है। जिसे लेकर विपक्ष भी लगातार सवाल उठाते रहा है।

# चिल्फी सड़क दुर्घटना के बाद मौके से फरार आरोपी ट्रक चालक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में स्थित अकलघरिया के पास बीते रविवार की शाम हुए भीषण सड़क हादसे के बाद फरार आरोपी ट्रक चालक को चिल्फी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस द्वारा आरोपी चालक के विरूद्ध विधि अनुसार कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि रविवार की शाम करीब 5.00 बजे बोलेरो वाहन में सवार होकर करीब नौ लोग मध्यप्रदेश के कान्हा से घूमकर चिल्फीघाटी होते हुए बिलासपुर जा रहे थे। इसी दौरान चिल्फी थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम अकलघरिया के पास विपरीत दिशा से आ रही एक रॉग साईड ट्रक से तेज रफ्तार बोलेरो वाहन की सीधी भिड़ंत हो गई। दोनो वाहनो के बीच हुई टक्कर इतनी भीषण थी की बोलेरो वाहन के परखच्चे उड़ गए और वाहन में सवार तीन महिला, एक पुरूष और एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल चिल्फी पुलिस को दी।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी मृतकों के शव व घायलों को दुर्घटना ग्रस्त बोलेरो वाहन से निकालकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। वहीं दूसरी तरफ घटना के बाद आरोपी चालक मौके पर ट्रक को छोड़कर फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने अब दबोच लिया है और उसके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### जिले में बाढ़ एवं आपदा नियंत्रण स्थापित

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिले में संभावित बाढ़ एवं अन्य आपदा स्थितियों से त्वरित एवं प्रभावी रूप से निपटने के लिए बाढ़ एवं आपदा नियंत्रण कक्ष जिला स्तर पर स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे संचालित रहेगा ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान की जा सके। नियंत्रण कक्ष में कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित तिथियों एवं समय के अनुसार लगाई गई है। सभी कर्मचारी अपने निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर जिम्मेदारियों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे। किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल नोडल अधिकारी, बाढ़ एवं आपदा नियंत्रण आरबी देवांगन, डिप्टी कलेक्टर, जिला कार्यालय कबीरधाम को उनके मोबाइल नंबर पर दी जाए। जिला प्रशासन सभी नागरिकों से अनुरोध करता है कि आपदा की स्थिति में घबराने के बजाय प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें तथा आवश्यक सूचना नियंत्रण कक्ष को दें, जिससे समय पर राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किया जा सके।

### विद्यालयों में सामाजिक अंकेक्षण कल

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष, शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत जिले के समस्त शासकीय शालाओं में 08 अक्टूबर 2025 को सामाजिक अंकेक्षण कार्य कराया जाएगा। जिसकी सफल क्रियान्वयन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कबीरधाम की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

# 76 पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की सुविधाओं का अनुबंध

## सरपंच एवं वीएलई के मध्य एमओयु



- 130 ग्राम पंचायतो में पूर्व से ग्रामीणों को मिल रही है सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का विस्तार जिले के और 76 ग्राम पंचायतो में हो रहा है जिसके लिए आज जिला पंचायत के सभा कक्ष भवन में सरपंच एवं कॉमन सर्विस सेंटर के वीएलई के मध्य अनुबंध किया गया है। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने सभी सरपंच एवं वीएलई को संबोधित करते हुए कहां की जिले के ग्रामीणों को डिजिटल इंडिया के तहत अनेक सुविधाएं अब उनके गांव में प्राप्त होगा और इसके लिए उन्हें शहर की ओर नहीं आना पड़ेगा। अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से ग्रामीणों के श्रम एवं धन की बचत होगी तथा अल्प समय में उन्हें महत्वपूर्ण दस्तावेज गांव में प्राप्त होगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहां की जिले में अभी तक130 ग्राम पंचायतो में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से ग्रामीणों को विभिन्न सुविधाएं मिल रही है। गांव में विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़े वित्तीय लेनदेन के साथ महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र,बी-1, नक्शा खसरा आदि मिल रहा है। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर नए रोजगार का सृजन हो रहा है जो ग्रामीण युवाओं के लिए लाभदायक होगा। कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने कहा कि शासन का लगातार प्रयास है कि ग्रामीणो को अधिक से अधिक सुविधाएं उनके गांव में प्राप्त हो।अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के द्वारा सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं वित्तीय लेनदेन अब ग्रामीणों को प्राप्त करना पहले से और सुगम होगा। एमओयू के दौरान उपसंचालक पंचायत राज तिवारी जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में सरपंच,सचिव एवं कॉमन सर्विस सेंटर के वीएलई कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि अब कबीरधाम जिले के 206 ग्राम पंचायतो में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का संचालन वनांचल क्षेत्र से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक किया जाएगा। इस केंद्र से स्थानीय ग्रामीण आबादी बड़ी मात्रा मे लाभान्वित होगी और शासन की बहुत सी योजनाओं का लाभ एकल खिड़की के माध्यम से उनके गांव में प्राप्त होगा।

### इन ग्रामों में सुविधाओं का विस्तार

जनपद पंचायत बोड़ला के 21 ग्राम पंचायत जिसमे भरपहरी, बोदा 47, बोलदाकला, चोरभट्टी, गंडई कला, गंडई खुर्द, केसमर्दा, खारा, लोहारीडीह, महली, महाराजपुर, मारियाटोला, मुड़घुसरी, नवागांव, पोड़ी, सरईपतेरा, सारंगपुर कला, सारेखा, सिंघनपुरी, तारेगांव जंगल, तितरी। जनपद पंचायत कवर्धा के 18 ग्राम पंचायत बिजई,चरडोंगरी, दशरंगपुर, दौजरी, धमकी, धरमपुरा, गांगपूर, ज्ञानपुर, झलमला, कुटकीपरा, लालपुरकला, मैनपुरी, मानिकचौरी, नावघाटा, रवेली, सेमो, सोनपरी गुढ़ा। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के 16 ग्राम पंचायत बांधी, चंदैनी, धनौरा, गंगापुर, गोरखपुर, गोरखपुर खुर्द, गोरझुमर, हरदी, जरहाटोला, कोहड़ियि, सिंघनपूरी मैदान, कोयलारी, पटपर, रंजीतपुर, सिंघनगढ़ जनपद पंचायत पंडरिया के 21 ग्राम पंचायत अतरियाखुर्द, भरेवापुरण, चरखुराकला, छीतापारकला, डबरी, दामापूर, देवसरा, डोमसरा, झिरियाखुर्द, खैरझिटी नया, खरहट्टा, कुम्ही, लिमहईपुर, नानापुरी, नरौली, नेउरगांव, प्रतापपुर, पटुवा, पेंड्रीकला, सोमनापुर, सूरजपुरकला।

# पटवारी की गलत फसल गिरदावरी रिपोर्ट से किसान परेशान, कलेक्टर से की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



ग्राम बिटकुली और केशली के किसानो ने अपने हल्का पटवारी पर अपने दायित्वों के प्रति मनमानी एवं लापरवाही बरतते हुए गलत-सलत गिरदावरी रिपोर्ट तैयार करने का गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की लिखित शिकायत कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर की है। भारतीय किसान संघ के बैनर तले की गई शिकायत के संबंध में संघ पदाधिकारियों ने बताया कि पटवारी हल्का नम्बर 22 ग्राम बिटकुलीकला व केशली राजस्व मण्डल दशरंगपुर तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम के पटवारी मिलेन्द्र वैष्णव द्वारा अधिकांश किसानों का फसल गिरदावरी को ठीक से नहीं किया गया है। उनके द्वारा फिल्ड में न जाकर एक ही जगह बैठकर गिरदावरी किया है। किसानो ने बताया कि पटवारी ने अपने कार्य के प्रति लापरवाही तथा मनमानी बरतते हुए किसी के धान फसल को गन्ना तो किसी के तुअर (अरहर) को धान पुराने गिरदावरी के अनुसार ही कर दिया है। उन्होने बताया कि पटवारी की घोर लापरवाही व गलती के कारण सभी किसानों को तहसील कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ेगा। उन्होने बताया कि इस तरह की भर्राशाही एक दो किसानो के साथ नहीं बल्कि 20 से ज्यादा किसानों का गलत ढंग से सर्वे किया गया है। पीड़ित किसानो ने गलत गिरदावरी रिपोर्ट को दुरूस्त कराने के साथ लापरवाही पटवारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग प्रशासन से की है।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में दीक्षांत समारोह का आयोजन



**कवर्धा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कवर्धा, ग्राम तारो (खैरबना) में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2023-25 एवं वर्ष 2024-25 के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र (एनटीसी) वितरित किए गए। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में केसी साहू, निदेशक आरसेटी ग्राम तारो तथा एमएल बंजारे, प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डोंगरगढ़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईटीआई कवर्धा के प्राचार्य द्वारा की गई। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षुओं को सफल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें तकनीकी कौशल के साथ आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आईटीआई संस्थान उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप कुशल युवाओं को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### शहद प्रसंस्करण एवं वन्यजीव संरक्षण पर विभाग ने दी जानकारी



**कवर्धा।** ओडिशा फॉरेस्ट रेंजर्स कॉलेज, अंगुल के 40 प्रशिक्षु वन परिक्षेत्राधिकारी अमूल्य कुमार परिडा (डीसीएफ) के नेतृत्व में आज अध्ययन भ्रमण के अंतर्गत वनमंडल कवर्धा के बोड़ला स्थित शहद प्रसंस्करण केन्द्र पहुंचे। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल, उपवनमंडलाधिकारी अभिनव केसरवानी, तथा वन परिक्षेत्राधिकारी आकाश यादव, गजेंद्र कुमार एवं विक्रांत सिंह कंवर द्वारा प्रशिक्षुओं को शहद प्रसंस्करण की तकनीक, उत्पादन से विपणन तक की प्रक्रिया, तथा वन्यजीव गलियारे के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शहद प्रसंस्करण केन्द्र न केवल स्थानीय समुदायों को आजीविका के नए अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि वन्यजीव संरक्षण, स्थानीय जैव विविधता के संवर्धन, एवं सतत वन प्रबंधन के भी सशक्त माध्यम हैं। प्रशिक्षुओं ने केन्द्र की कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए स्थानीय वन उत्पादों के मूल्य संवर्धन की संभावनाओं को समझा तथा वन विभाग की आजीविका आधारित पहल की सराहना की।

**पुलिस अधीक्षक ने स्टार लगाकर सौंपी नई जिम्मेदारी**

# उप निरीक्षक भुवनेश्वरी निरीक्षक पद पर पदोन्नत

हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फीघाटी



पुलिस महानिदेशक, नया रायपुर (छत्तीसगढ़) के आदेशानुसार जारी योग्यता सूची वर्ष 2025 के अंतर्गत जिला कबीरधाम के महिला थाना में पदस्थ उप निरीक्षक श्रीमती भुवनेश्वरी राठौर को निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन कवर्धा से मिली जानकारी के अनुसार 06 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कबीरधाम में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा एक कंधे पर स्टार लगाया गया तथा दूसरे कंधे पर पदोन्नत महिला अधिकारी के पति योगेश राठौर द्वारा स्टार लगाकर उन्हें पदोन्नति प्रदान करते हुए नई जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर, उप पुलिस अधीक्षक आशीष शुक्ला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि पदोन्नति केवल पद और प्रतीक की वृद्धि नहीं, बल्कि यह अधिकारी की निष्ठा, प्रतिबद्धता और कार्यकुशलता की सराहना है। उन्होंने विश्वास जताया कि श्रीमती भुवनेश्वरी राठौर अपने अनुभव, समर्पण और दक्षता से विभाग की गरिमा और प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगी। कार्यक्रम के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नत अधिकारी को मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दीं। उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं परिवारजन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

# छात्रों ने गांधी- शास्त्री के योगदान को किया याद

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम तनु ठाकुर ने गांधी जी की जीवनी , द्वितीय मुरली साहू ने लाल बहादुर शास्त्री के कार्यकाल तथा तृतीय स्थान प्रिया निषाद ने गांधी जी के सत्याग्रह आंदोलन के संबंध में अपनी बातें रखा। इसके अतिरिक्त वेणुका ने गीत, रितु ने कविता प्रस्तुत किया। तत्पश्चात ओम प्रकाश सहारे ने गांधी के त्यागमय जीवन, स्वावलंबन के संबंध में अपनी बातें रखा। प्राचार्य डां ठाकुर ने गांधी के अहिंसावादी दृष्टिकोण, हथकरघा, दांडी यात्रा, सविनय अवज्ञा आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन और अंग्रेजों से मिली आजादी को उदघाटित किया। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ संजूसिंह, डॉ काव्या जैन, डॉ हेमलता विरदी, कंचन साहू, हरवंश चौरगे, मोनीष खान, हिमानी साहू उपस्थित थे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन शुभि जैन ने किया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## नाली व उग आए खरपतवार झाड़ियों की साफ सफाई की गई



**हरिभूमि कवर्धा।** नगर पालिका कवर्धा के सभापति एवं वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद बिहारी ध्रुर्वे ने रविवार व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें वार्ड के मुख्य मार्गो में साफ-सफाई करवाई गई साथ ही नालियों की साफ-सफाई कर आसपास उग आए खरपतवार तथा कांटे व पत्तेदार झाड़ियों को भी हटवाया गया। साथ ही साथ मच्छर के प्रकोप से बचने तथा डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए दवाई का छिड़काव भी कराया गया। इस स्वच्छता अभियान व साफ-सफाई अभियान में वार्डवासियों ने भी सक्रिय सहयोग किया और स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता दिखाई। जिस पर सभापति श्री ध्रुर्वे ने बताया कि स्वच्छ और स्वस्थ वार्ड ही उनकी प्राथमिकता है तथा आगे भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे। इस दौरान वार्डवासी गण उपस्थित थें।

## भाटकुंडेरा में धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व

**हरिभूमि कवर्धा।** सहसपुर लोहारा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत भाटकुंडेरा में गत दिनों शनिवार को धूमधाम के साथ दशहरा पर्व मनाया गया। जिसमें शाम 6-7 बजे रावण दहन किया गया, तत्पश्चात रात्रिकालीन 11 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गई।

# जिला कराते संघ के 8 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जीते मेडल

**प्रतियोगिता में 400 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

आमातालाब इंडोर स्टेडियम धमतरी में 4 और 5 अक्टूबर को 7वीं राज्यस्तरीय ओपन कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता का आयोजन शिको काई कराते इंटरनेशनल एवं धमतरी कराते डू एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में स्वर्गीय सेंसाई राजेश गंजीर की याद में किया गया था। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों जैसे बेमेतरा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, कबीरधाम और धमतरी से 400 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। सब जूनियर, कैडेट, जूनियर और सीनियर वर्ग में विभिन्न समूहों में प्रतिस्पर्धा हुई। जिसमें जिला कराते संघ बेमेतरा के 8 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए




विभिन्न मेडल जीते। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन धमतरी कराते डू एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं मुख्य प्रशिक्षक सेंसाई अशोक सिन्हा, उपाध्यक्ष सोहन चक्रधारी, बिकास दत्ता, गोविंद सर्वा, हेमंत चक्रधारी और उनकी पूरी टीम द्वारा किया गया। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं मुख्य प्रशिक्षक रेन्शी बी. ब्रह्मय्या नायडू, देवराज धनकर, जयंत नायडू , संदीप ताम्रकार, राजेश सारथी, अब्दुल रहीम, सागर साहू, दीपक गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इसमें बेमेतरा जिले से विकल्प शर्मा ने गोल्ड मेडल, दिव्या डेहरे ने सिल्वर मेडल और नीरज दास मानिकपुरी,रोशनी साहू, चित्रांश पाटिल ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जिले को गौरान्वित किया। साथ ही में बेमेतरा से होमेश साहू, जान्हवी साहू और प्रिया यदु ने अपने आयु और वर्ग समूहों में शानदार प्रदर्शन किए। उक्त प्रतियोगिता में बेमेतरा से दीपांकर मिर्झा, नीरज दास मानिकपुरी और आरुषी शर्मा ने रेफरी एवं कोच के रूप में अहम भूमिका अदा की। सभी खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ कराते डु एसोसिएशन के मंनोनीत सदस्य और जिला कराते संघ बेमेतरा के सचिव एवं मुख्य प्रशिक्षक सेंसाई अजय वर्मा, उपेन्द्र सेंगर, मृत्युंजय शर्मा, जगजीत सिंग, कमल साहू और वेद राम साहू ने बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके कराते के प्रति कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और समर्पण भावना की प्रशंसा की और भविष्य में इसी प्रकार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तरों में प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया ।

**व्यवस्था**

**त्योहारी सीजन की शुरुवात में ही लग रहा है घंटों जाम**

# त्योहारी सीजन में शहर के भीतरी इलाकों सहित बाजार की पार्किंग व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

त्योहारी सीजन की शुरुवात होते ही बाजार में शहरी सहित ग्रामीण इलाकों के लोगों की उपस्थिति बनने लगी है, स्थिति यह है कि लोगों की चहल पहल बढ़ने से यातायात का जबरदस्त दबाव जहां बनता जा रहा है, वहीं वाहनों की पार्किंग की सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है।

प्रताप चौक के आसपास कतारबद्ध वाहनों एवं अवस्थित पार्किंग के चलते व्यापारियों के साथ-साथ आम जनों में भी रोष व्याप्त है । ज्ञात हो कि अक्तूबर माह शुरू होते ही त्योंहारी सीजन शुरू हो गया है। करवा चौथ पर्व के साथ ही आगामी दिनों में लगातार पर्व की श्रृंखला शुरू हो रही है। इसी माह सबसे बड़ा पर्व दीपावली भी है। जिसे लेकर जहां लोगों में उत्साह है ,वहीं शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों के लोग पर्वों से संबंधित खरीदी करने के लिए बाजार में पहुंचने लगे हैं। दुकानों में साज सजावट भी शुरू हो कि जा रही है। सुबह से लेकर देर शाम तक चहल-पहल का नजारा बना हुआ है।




**सड़क पर ही हो रही है पार्किंग**

बाजार में लोगों की उमड़ती भीड़ के चलते बाजार क्षेत्र एवं शहर के मुख्य मार्ग में यातायात का जबरदस्त दबाव बनना शुरू हो गया है। शहर सहित ग्रामीण इलाकों से बाजार में खरीदी करने वाले लोगों को अपने वाहनों की पार्किंग करने के लिए हलकान होना पड़ रहा है। आलम यह है कि प्रताप चौक के आसपास जहां सामान्य दिनों में वाहनों की पार्किंग के लिए जगह नहीं रहती, वहीं इन दिनों प्रताप चौक से बाजार जाने वाले मार्ग तक वाहनों को अवस्थित रूप से पार्किंग करने की मजबूरी लोगों की बनी हुई है। प्रताप चौक के दोनों और सड़क पर ही लोग वाहनों की पार्किंग कर रहे हैं।

**आए दिन व्यस्त मार्गों में जाम**

इधर बाजार के व्यवसायिक दुकानों का सामान सड़कों तक सजा हुआ है। जिससे पैदल चलने के लिए लोगों को फुटपाथ भी नहीं मिल पाता और ना ही वाहनों की पार्किंग करने के लिए स्थान मिल पाता है ,जिसके चलते आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इस समस्या के चलते न सिर्फ बाजार में पहुंचने वाले ग्राहक हलकान है बल्कि व्यापारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है आगामी दिनों में बाजार में और भी अधिक भीड़ उमड़ने की संभावना है ,जिसे लेकर व्यापारियों में चिंता बनी हुई है। बहरहाल प्रशासन को समय रहते इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है अन्यथा त्योंहारी के दौरान शहर अव्यवस्थित होने की स्थिति निर्मित हो सकती है।

## विधायक भावना बोहरा ने पाण्डातराई में किया नए उप-तहसील भवन का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

जनता की सेवा, सुविधा और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए तत्परता से कार्य करते हुए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों से पाण्डातराई नगर कि जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई। जिस पर पाण्डातराई व्यापारी संघ ने पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा को लड्डू से तौलकर भव्य आतिशी स्वागत किया गया। उसके पश्चात उप तहसील का फीता काट कर उद्घाटन किया गया। विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने पाण्डातराई हाई स्कूल मैदान के पास नए उप-तहसील भवन का भव्य शुभारंभ कर जनता की सेवा में समर्पित किया।

इस सौगात के लिए विधायक श्रीमती बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा का आभार व्यक्त किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस सौगात से अब नगर व आस-पास के क्षेत्र में निवासरत परिवारों को भू-राजस्व एवं विभिन्न आवश्यक कार्यो के लिए अब दूर-दराज नहीं जाना होगा, उनके गांव के समीप ही अब उनकी इन सभी समस्याओं के समाधान की सुविधा उन्हें मिलेगी।

उन्होने कहा कि उप-तहसील की स्थापना क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर है। यह एक ऐसा केंद्र है जो प्रशासन को जनता के और करीब लाता है। पहले छोटे-छोटे प्रशासनिक कार्यो, जैसे जमीन के दस्तावेज, रजिस्ट्री, आय-प्रमाण पत्र, जाति-प्रमाण पत्र या अन्य सरकारी सेवाओं के लिए क्षेत्रवासियों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। इससे समय, धन और ऊर्जा की बर्बादी होती थी, लेकिन अब इस उप-तहसील के खुलने से ये सभी सेवाएं आपके अपने क्षेत्र में आपके द्वार पर उपलब्ध होंगी। यह क्षेत्र के विकास, सुशासन और आम नागरिकों की सुविधा के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में निरंतर जनता की सुविधाओं और क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता के साथ कार्य किया जा रहा है।

# आंगनबाड़ी भवन नव-निर्माण कार्य में जिम्मेदारों की अनदेखी, ग्रामीणों ने जताई आपत्ति, जांच की मांग

- निर्माण कार्य में गुणवत्ता युक्त मटेरियल का उपयोग किया जाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

पंडरिया विधानसभा के ग्राम पंचायत सेन्दुरखार के आश्रित ग्राम बांगर चौरऊडोगरी में नवनिर्माण आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण कार्य में भारी अनियमितता का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि जिम्मेदार की लापरवाही नवनिर्माण आंगनबाड़ी केन्द्र भवन की नींव खुदाई बहुत कम की गई है, जिसे देखकर ग्रामीणों ने कड़ी आपत्ति



जताई है। जिस पर स्थानीय वार्ड क्रमांक 11 पंच रामदयाल श्याम, रामकुमार टेकाम (उपसरपंच) तथा पंचों के साथ ग्रामीण लाल सिंह, माहूलाल, सुखीराम, लोहार सिंह और बजरू ने मौके पर पहुंचकर नव-निर्माण कार्य की जांच की गई।

उन्होंने बताया कि जिम्मेदारों व मिस्त्री द्वारा नींव की खुदाई मानक के अनुरूप नहीं की गई है तथा छड़, गिट्टी और सीमेंट की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नव-निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन मटेरियल रेत का उपयोग किया जा रहा है, जिससे भवन की मजबूती पर असर पड़ेगा। मिस्त्री द्वारा ग्रामीणों की आपत्ति पर बहानेबाजी की गई और कोई ठोस जवाब नहीं दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी वनांचल क्षेत्र में बने कई सरकारी भवन गुणवत्ताहीन मटेरियल व भर्राशाही के कारण एक वर्ष के भीतर ही खराब व जर्जर स्थिति में पहुंच गए, जिससे शासन की राशि का सिर्फ और सिर्फ दुरुपयोग हुआ है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों से अपील की है कि नव निर्माण आंगनबाड़ी भवन कार्य की जांच कर जिम्मेदारों पर सख्त कार्यवाही की जाए, ताकि क्षेत्र में नव निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो सके।

# बाल विवाह मुक्त बेमेतरा अभियान को लेकर कलेक्टर की पहल

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के उद्देश्य से चल रहे अभियान के तहत कलेक्टर रणबीर शर्मा ने तहसील बेमेतरा के ग्राम चन्दनू में आयोजित ग्राम सभा में

- ग्राम सभा में बाल विवाह रोकथाम पर विस्तृत चर्चा, पंचायत ने दिया समर्थन

पहुंचे । इस अवसर पर उन्होंने ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बाल विवाह उन्मूलन पर विस्तृत चर्चा की और समाज के सभी वर्गों से इस दिशा में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। कलेक्टर ने ग्राम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जो न केवल बालकों के भविष्य को प्रभावित करती है बल्कि समाज में कुपोषण, शिक्षा से वंचित होना और सामाजिक असमानता जैसी अनेक समस्याओं को जन्म देती है।

उन्होंने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पंचायत सदस्यों एवं नागरिकों से अपील की कि ग्राम सभा के एजेंडा



के अंतर्गत बाल विवाह मुक्त जिला बनाए जाने के प्रस्ताव पर चर्चा कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करें। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर 2025 तक जिले की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में यह प्रस्ताव पारित कर बेमेतरा को प्रदेश का पहला "बाल विवाह मुक्त जिला" बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चन्दनू के जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर के इस प्रयास की सराहना करते हुए पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान, किशोरियों की शिक्षा पर बल, और सामाजिक संवाद के माध्यम से बाल विवाह पर अंकुश लगाने के ठोस प्रयास किए जाएंगे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिनकी ड्यूटी ग्राम सभा में लगी है, वे अपने-अपने क्षेत्र में इस विषय पर गंभीरता से चर्चा करें और प्रस्ताव पारित करने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। उन्होंने कहा कि "यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज के भविष्य को संवारने की दिशा में एक ठोस कदम है।" ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने भी एक स्वर में बाल विवाह के विरोध में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और इस सामाजिक बुराई को समाप्त करने का संकल्प लिया। बाल विवाह की रोकथाम तभी संभव है जब समाज जागरूक होगा। हर बालक और बालिका को शिक्षा और समान अवसर देना ही हमारा लक्ष्य है ।

## राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल मिनी व सीनियर वर्ग प्रतियोगिता में जिले के 11 खिलाड़ियों का चयन



**हरिभूमि कवर्धा।** शालेय 25वीं राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल मिनी व सीनियर बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन रायगढ़ में 05 से 08 अक्टूबर तक आयोजित होने जा रहा है, जिसमे नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा के सॉफ्टबॉल में 14 वर्ष बालक वर्ग में कावेश देवांगन, शिवम, मेघेंद्र तथा बालिका वर्ग में गुनिस्का जांगड़े, अनन्या चंद्रवंशी, साक्षी, शालिनी साथ ही साथ सॉफ्टबॉल 19 वर्ष बालक वर्ग में आयुष सिंह, सोमेश पाल, श्रवण राजपूत तथा बालिका वर्ग में विनीता कुल 11 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। साथ ही बालक 19 वर्ष टीम के कोच के रूप में दिनेश वर्गिस एवं बालक 14 वर्ष टीम में भूपेंद्र गढ़े को नियुक्त किया गया है, जो रायगढ़ में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दुर्ग जोन का प्रतिनितिधत्व करेंगे। जिस पर अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया की इन खिलाड़ियों का चयन जुलाई माह में बेमेतरा के जेवरा स्कूल में आयोजित क्षेत्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में उनके अच्छे प्रदर्शन के आधार पर हुआ है जो हमारे अकेडमी के लिए गौरव की बात है, अकेडमी के खिलाड़ी प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर चयनित होकर सभी वर्गो में पदक लगाकर प्रदेश व कबीरधाम जिले का नाम रौशन कर रहे है। जिस पर अकेडमी के खिलाड़ियों का सॉफ्टबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, अध्यक्ष प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी गणेश तिवारी, संस्थापक राजा पियुष टाटिया, निज सहायक गजराज सिंह ठाकुर, नरेंद्र मानिकपुरी, पार्षद दीपक सिन्हा, अशोका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन पवन देवांगन, व्यायाम शिक्षक दिनेश साहू, अतुल देशलहरा, लोकनाथ देवांगन, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई दिए साथ ही उनकी उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना की।

## छात्र छात्राओं में स्वास्थ्य व पोषण की जागरूकता बढ़ाई

**कवर्धा।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कबीरधाम में पोषण माह 2025 के अंतर्गत बच्चों में पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पोषण वाटिका, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान और राष्ट्रीय पोषण मिशन एक अभियान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला गया। लगभग 131 विद्यार्थियों और 17 शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।

**ग्रामीण व राहगीर हो रहे सड़क दुर्घटना के शिकार**

# कुआंमालगी से अमलीमालगी पहुंच मार्ग तालाब में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

शासन-प्रशासन द्वारा एक ग्राम से दूसरे ग्राम को जोड़ने के लिए सड़को का जाल बिछाया गया, लेकिन विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों की भारी अनदेखी का खामियाजा ग्रामीणों व राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। बताया जाता है कि ग्राम कुआंमालगी से अमलीमालगी तक पहुंच मार्ग प्रधानमंत्री सड़क देखरेख के अभाव में जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे में तब्दील हो चुके है। प्रधानमंत्री सड़क के साथ साथ पंडरिया विकाखण्ड के ना जाने कितनी सड़क है जो वर्तमान समय में सड़कों का हाल-बेहाल है। खस्ता



हाल सड़क व छोटे-बड़े गड्ढों मे जलभराव की स्थिति निर्मित होने से सड़क छोटे डबरी-तालाब में तब्दील हो चुके है। जिससे आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों तथा राहगीरों को भारी दिक्कत व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही साथ ज्यादा परेशानी स्कूली छात्र-छात्राएं व राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार व गिरकर चोटिंल हो रहे है। वहीं कुआंमालगी-अमलीमालगी पहुंच मार्ग जीव लेवा साबित हो रहा है। जिस पर ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदारों तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा सड़क की सुधार व मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीणों व राहगीरों को आवागमन में राहत व सुविधा मिल सकें।

## बच्चों के हाथों हुआ ध्यान मिडब्रेन घर में कैसे करें पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अगरीकला संकुल केन्द्र दशरंगपुर, में शिक्षा और ध्यान को जोड़ने वाली एक अनूठी पहल देखने को मिली। यहां शिक्षिका और शोधार्थी विधि तिवारी की पुस्तक ध्यान मिडब्रेन घर में कैसे करें एवं शिक्षा से जुड़ी अद्भुत विधि का विमोचन बच्चों के हाथों संपन्न हुआ। इस विमोचन की सबसे विशेष बात यह रही कि जिस पुस्तक का लेखन मुख्य रूप से बच्चों के हित में किया गया है, उसी पुस्तक का विमोचन भी बच्चों द्वारा किया गया। विधि तिवारी का मानना है कि बच्चों को सम्मान देना सबसे बड़ा कार्य है और बच्चों से बड़ा कोई स्टार नहीं हो सकता। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार शिक्षकगण और विद्यार्थियों ने मिलकर इस नई सोच का स्वागत किया। विमोचन के पश्चात प्रति-भोज का आयोजन किया गया और पूरे स्टाफ ने लेखिका को बधाई दी। इस पुस्तक में ध्यान और मिडब्रेन एक्टिवेशन की तकनीकों को घर पर ही बच्चों और बड़ों द्वारा करने योग्य सरल विधियों के साथ प्रस्तुत किया गया है। ध्यान को केवल योग या पाठ्यक्रम का हिस्सा न मानकर, उसे गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के जीवन में उतारने की नई दिशा दी गई है। इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता को भी ध्यान और शिक्षा के साथ जोड़ने की नवीन पहल की गई है। विधि तिवारी ने अब तक 8 राज्यों-क्षेत्रों में शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं, जिनमें 4 राज्यों में उनके शोध पत्र प्रकाशित भी हो चुके हैं।

